न्यायालय उपखण्ड अधिकारी लालसोट(दौसा)

मोहन लाल बनाम रामचन्द्र वगैरा0

मु0न0:—13 / 17

प्रार्थना पत्र 136 एल.आर.एक्ट.

निर्णय दिनांक:—31.08.2020

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी की ओर से रामबाबू शर्मा एडवोकेट उपस्थित। अप्रार्थीगण सं0 1 व 2 की ओर से पंकज कुमार शर्मा एडवोकेट उपस्थित। प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि आराजी ख0न0 620 रकबा 1 बीघा 4 बीस्वा, ख0न0 634 रकबा 2 बीघा 2 बीस्वा, ख0 न0 636 रकबा 2 बीस्वा, ख0न0 656 रकबा 2 बीघा 8 बीस्वा, ख0 न0 752 रकबा 4 बीघा 4 बीस्वा, ख0 न0 1128 रकबा 5 बीघा 11 बीस्वा कुल किता 6 कुल रकबा 15 बीघा 11 बीस्वा वाकै ग्राम बगडी तह0 लालसोट पटवार हलका बगडी तह0 लालसोट जिला दौसा स्थित है। जिसमें से हिस्सा 1/2 की खातेदारी प्रार्थी के नाम अंकित है तथा उक्त 1/2 की खातेदारी अप्रार्थीगण संख्या 1 व 2 के नाम अंकित है। वादी के हिस्से की भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 का कोई सरोकार वास्ता नहीं है। परन्तु रिकोर्ड में वादी के हिस्से 1/2 के हिस्से की खातेदारी प्रतिवादी संख्या 1 का नाम रामचन्द्र पुत्र जन्सी गलत अंकित हो गया है। जबकि प्रतिवादीगण हिस्सा 1/2 अलग खातेदार है। परन्तु टंकण मिस्टेक लिपिकिय भूल के कारण वादी के हिस्से 1/2 में प्रतिवादी संख्या 1 का नाम अंकित हो गया है।

प्रकरण में उभय पक्षो द्वारा दिनांक—20.03.2018 को हाजिर अदालत आकर पृथकश: से राजिनामा पेश किया गया है। जो बाद जांच तस्दीक किया गया है बहस सुनी गई पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया जिससे प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्राथर्ना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

अत: तहसीलदार लालसोट को आदेश दिया गया है कि आराजी ख0न0 620 रकबा 1 बीघा 4 बीस्वा, ख0न0 634 रकबा 2 बीघा 2 बीस्वा, ख0 न0 636 रकबा 2 बीस्वा, ख0न0 656 रकबा 2 बीघा 8 बीस्वा, ख0 न0 752 रकबा 4 बीघा 4 बीस्वा, ख0 न0 1128 रकबा 5 बीघा 11 बीस्वा कुल किता 6 कुल रकबा 15 बीघा 11 बीस्वा वाकै ग्राम बगडी तह0 लालसोट पटवार हलका बगडी तह0

उपखण्ड अधिकारी
[illegible]

लालसोट जिला दौसा वाली के राजस्व रिकोर्ड में प्रतिवादी स0 1 रामचन्द्र पुत्र गोविन्दा का नाम वादी के हिस्सा 1/2 में रामचन्द्र पुत्र जन्सी गलत चला आ रहा है। उसे विलोपित किया जाकर मोहनलाल पुत्र जन्सी हिस्सा 1/2 दुरुस्त किया जाकर शुद्ध अंकन किया जावे। इस आशय कि तहरीर तहसीलदार लालसोट को जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
लालसोट जिला दौसा (राज०)
लालसोट